आकाशवाणी केन्द्र शिमला
28.03.2026/प्रादेशिक समाचार/11:00बजे

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के दूसरे चरण की आज 9वीं बैठक है। सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता——

सदन में अनुमानों की अनुदान मांगों का प्रस्तुती करण, चर्चा व मतदान होगा। विपक्ष की तरफ से सदन में चर्चा के लिए कृषि, शिक्षा, लोक निर्माण विभाग सहित कई कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाएंगे। बीते कल भी कटौती प्रस्ताव में चर्चा के दौरान विपक्ष ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार पर तीखा प्रहार किया था आज भी सदन में तल्खी देखने को मिल सकती है। बजट सत्र का दूसरा चरण 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के पहले चरण में 16 से 18 फरवरी तक तीन बैठकें आयोजित की गई थीं।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का 132वां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ़ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए आई आर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार की तुलना में प्रदेश में अपराधों में 6 फीसदी की कमी आई है। विधानसभा में उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधों पर पूरी तरह से नियंत्रण है और 2023 से 2025 तक पूर्व सरकार की तुलना में कम मामले दर्ज हुए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस की सक्रियता के चलते मादक पदार्थों के 39 प्रतिशत अधिक मामले पंजीकृत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और भ्रष्टाचार व माइनिंग माफिया के खिलाफ कार्रवाई को और तेज किया जाएगा।

जयराम

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। विधानसभा में कटौती प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक हजार 5 सौ 34 लोगों के गुमशुदगी के मामले दर्ज हैं जबकि हत्या के 2 सौ 39 और दुष्कर्म के एक हजार 11 मामले दर्ज हो चुके हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में राज्य में नशे का प्रचलन बढ़ रहा है और सरकार इसे काबू करने में असफल साबित हो रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों का नशे की तस्करी में संलिप्त होना चिंता जनक है।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से फीस बढ़ौतरी पर नकेल कसने के लिए राज्य सरकार नियमों में संशोधन करेगी। विधानसभा में उन्होंने कहा कि फीस निर्धारण को लेकर स्पष्ट और सख्त व्यवस्था लागू की जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि उतर प्रदेश, दिल्ली, तमिलनाडू, कर्नाटक और हरियाणा सहित कई अन्य राज्यों में इस तरह के संशोधन किए जा चुके हैं उन्होंने कहा कि अभिवावकों पर पड़ रहे आर्थिक बोझ को देखते हुए सरकार अब इस मुद्दे पर गंभीरता से कदम उठाने जा रही है।

आउटसोर्स

आउटसोर्स कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार से जल्द स्थाई नीति बनाने और नौकरी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। अपनी मांग को लेकर आउटसोर्स कर्मचारियों ने कल शिमला के चौड़ा मैदान में जोरदार धरना प्रदर्शन भी किया। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में संघ के संयोजक अश्विनी शर्मा ने कहा कि आउटसोर्स कर्मचारी पिछले 15 वर्षों से विभिन्न विभागों में सेवाएं दे रहे हैं मगर आज भी उनका भविष्य असुरक्षित है।

आउटसोर्स कर्मचारी हर एक विभाग में लगभग पिछले 15–20 वर्षों से काम करता आ रहा है लेकिन इतने लम्बे समय से काम करने के बाद भी उनकी नौकरी सुरक्षित नहीं है तो इतने लम्बे समय से काम करने से हमारी मुख्य पहली मांग यही है कि हमारी नौकरी सुरक्षित हो 58 साल तक हर कर्मचारी की नौकरी सुरक्षित की जाए और हमारी दूसरी मांग है सम्मान काम समान वेतन।

महिला आयोग

महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष विजया रहाटकर ने महिलाओं के प्रति अत्याचार, छेड़छाड़ व घरेलू हिंसा के मामलों में संवेदनशीलता के साथ सशक्त कार्रवाई करने पर बल दिया है। कुल्लू जिले के मनाली में एक समीक्षा बैठक में उन्होंने पुलिस विभाग को पर्यटक मित्र योजना तैयार करने का सुझाव दिया जिससे पर्यटन को और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने घरेलू हिंसा के मामलों में गैर सरकारी संस्थाओं व प्रोफेशनल काउंसलर्स को भी जोड़ने का सुझाव दिया ताकि पीड़ित महिलाओं को समुचित सहायता मिल सके।

आईपीएल – दूसरा चरण

आई.पी.एल. क्रिकेट का 19वां सत्र आज शाम बेंगलुरु में शुरू होगा। उद्घाटन मैच में मौजूदा चौंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना सनराइजर्स हैदराबाद से एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होगा। यह मुकाबला शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। दो महीने चलने वाला यह टूर्नामेंट 31 मई तक चलेगा। बी.सी.सी.आई. ने इंडियन प्रीमियर लीग –आई.पी.एल के दूसरे चरण का कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। दूसरे चरण में 12 शहरों में 50 मैच खेले जाएंगे। मई महीने में आईपीएल के 3 मैच धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में भी खेले जायेंगे।